
# RANCHI WOMEN'S COLLEGE

# NEWSLETTER

JUNE 2024





जोहार!

जून 2024 के इस विशेषांक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह वर्ष हमारे लिए नई ऊर्जा, नई दिशा और नवचेतना का संवाहक बनकर आया है। शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मिक उन्नयन की प्रक्रिया को साकार करना भी है। रांची विमेंस कॉलेज सदैव से इसी उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

गत कुछ महीनों में हमारी छात्राओं ने अकादमिक क्षेत्र के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेलकूद और सामाजिक सेवा के विविध मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। हमारी फैकल्टी की मेहनत, छात्राओं की लगन और अभिभावकों का सहयोग ही हमारे संस्थान की सफलता की नींव है।

इस सत्र में हमने शिक्षण पद्धतियों में नवाचार को अपनाते हुए डिजिटलीकरण, संवादात्मक शिक्षण और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया है। हमारा प्रयास है कि हम नारी शिक्षा को केवल प्रमाण पत्रों तक सीमित न रखकर, उसे आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सामाजिक नेतृत्व का माध्यम बनाएं।

इस न्यूज लेटर के माध्यम से हम कॉलेज की उपलब्धियों, गतिविधियों और आगामी योजनाओं की झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह अंक आप सभी के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा।

आइए, हम सब मिलकर शिक्षा, संस्कृति और संवेदना के इस साझा मंच को और भी समृद्ध बनाएं।

सुप्रिया,<br>
प्राचार्या<br>
रांची विमेंस कॉलेज, रांची

Scanned with CamScanner

**Patron :**

**Dr. Supriya**
Principal
Ranchi women's College

**Editor :**

**Dr. Kumari Urvashi**
Assistant Professor
PG Department of Hindi
Ranchi women's College

**Sub-Editor :**

**Dr. Kiran Tiwari**
Assistant Professor
PG Department of Hindi
Ranchi women's College

**Dr. Mamta Kerketta**
Assistant Professor
PG Department of English
Ranchi women's College

**Dr. Manu Bharti**
Assistant Professor
PG department of English
Ranchi women's College



# संपादकीय

रांची महिला महाविद्यालय यथा नाम तथा गुण की परिकल्पना के आकार का साकार प्रतिमान है। डॉ, भानुमति प्रसाद द्वारा निर्मित यह संस्थान उनकी मेहनत को सार्थक करता है। महाविद्यालय प्रदेश का एक ऐसा गौरवशाली संस्थान है जो अपने भव्य भूगोल और अकादमिक स्तर पर पर्वत के समान ऊँचा और कुएँ के समान गहराई को एक साथ लिए है। ऊँचाई और गहराई का यह विरल संयोग ही इसे एक उच्च संस्थान से ऊपर एक विशिष्ट ज्ञान केन्द्र के रूप में स्थापित करता है।

रांची महिला महाविद्यालय एक विशिष्ट ज्ञान केन्द्र के रूप में विकसित होता जा रहा प्रतिष्ठित संस्थान है। विद्यार्थीयों के समग्र विकास हेतु समर्पित यह संस्थान प्रदेश के नहीं वरन् देश के सुपरिचित संस्थानों में अग्रणी होने की राह पर एक अनथक धावक की तरह प्रतिबद्ध भाव से अपने लक्ष्य एवं मंजिल की ओर उन्मुख है। महाविद्यालय का भौगोलिक, ऐतिहासिक, शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक वातावरण अपने आप में एक अनूठापन लिए है।

संस्थान की समस्त गतिविधियों एवं क्रिया-कलापों और समुचित प्रबन्धन को अपने विद्यार्थियों और प्रबुद्ध वर्ग तक पहुंचाना अतिआवश्यक कार्य है जिसका माध्यम यह न्यूज लेटर बना है। यह न्यूज लेटर महाविद्यालय के विविध अनुशासनों, गतिविधियों, सांस्कृतिक एवं अन्वेषण सम्बन्धी उपलब्धियों के साथ-साथ सर्जनात्मक संकल्पनाओं का दर्पण भी है। इस न्यूजलेटर के निर्माण में सहयोग के लिए संपादक मंडल को मेरा आभार।
मैं सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करती हूं।

डॉ. कुमारी उर्वशी
सहायक प्राध्यापिका हिंदी विभाग,
रांची विमेंस कॉलेज, रांची



Scanned with CamScanner

## दिनांक 10 जनवरी 2024

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ, सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सड़क सुरक्षा सप्ताह (11 जनवरी से 17 जनवरी 2024) के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को राँची जिला के ट्रैफिक डी एस पी श्री जीतवाहन उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं यातायात से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। इसके तहत एन एस एस के सहयोग से विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ ब्रजेश कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राँची विश्वविद्यालय, नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी गण, संत जेवियर कॉलेज के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ कमल कुमार बोस शामिल हुए। एन एस एस के सक्रिय 100 स्वयंसेवकों के लिए सड़क सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 10 जनवरी 2023 को 10:30 am से राँची महिला महाविद्यालय, राँची के कला ब्लॉक में आयोजित किया गया । जो भी एन एस एस के स्वयंसेवक इस अभियान में शामिल होंगे उन्हें ट्रैफिक एस पी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में शपथ भी दिलाई गई कि हम शपथ लेते हैं कि हम सड़क  पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे। सुरक्षित यात्र हेतु सदैव - दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट अवश्य पहनने के लिए प्रेरित करेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे।सड़क सुरक्षा में हमारा हित छिपा है। इस जागरूकता अभियान में हम शामिल होकर सड़क परिवहन से संबंधित सभी नियमों का पालन हम अनिवार्य रूप से करेंगे। प्रशिक्षण के लिए जिन चौक को चुना गया है उनमें हॉट लिप्स चौक,न्यू मार्केट चौक ,फिरायालाल चौक, सर्जना चौक, लालपुर चौक कांके चौक, किशोरीगंज यादव चौक,गाड़ीखाना चौक, अरगोरा चौक, कांटाटोली चौक, हॉकी स्टेडियम मोराबादी चौक शामिल हैं।









### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रशिक्षण शिविर

रांची | वीमेंस कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। निर्देशन प्रिंसिपल डॉ सुप्रिया, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम अफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो की प्रोग्राम अफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह, इकाई तीन की प्रोग्राम अफिसर डॉ हर्षिता सिन्हा ने किया। ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर,11.01.24



प्रभात खबर,11.01.24

### यातायात नियमों के पालन का लिया संकल्प

रांची. रांची वीमेंस कॉलेज की छात्राओं ने 11 जनवरी से शुरू हो रहे सड़क जागरूकता सप्ताह के पूर्व बुधवार को एनएसएस द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिया. उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी. छात्राओं को बताया गया कि दोपहिया चलाते समय स्वयं और पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट अवश्य पहनने के लिए प्रेरित करेंगी. चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायेंगी. यह शपथ ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव ने दिलायी. 17 जनवरी तक चलनेवाले सप्ताह में प्रशिक्षण के लिए जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक, न्यू मार्केट चौक, अलबर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, लालपुर चौक, कांके चौक, किशोरी यादव चौक आदि शामिल हैं. प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिन्हा सहित जिला परिवहन विभाग के अधिकारी व यातायात पुलिस कर्मी शामिल थे.

### ट्रैफिक पालन की दिलाई गई शपथ



### एनएसएस के सक्रिय स्वयंसेवकों के लिए सड़क सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

विशाल भारत, 11.01.24



हिन्दुस्तान



Scanned with CamScanner

## दिनांक 11 जनवरी 2024

प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना ने युवा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की एवं रिम्स रांची के सहयोग से रांची विमेंस कॉलेज की शिक्षिकाओं,छात्राओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फैशन डिजाइनिंग डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ [illegible] सिंह ने सहयोग किया।






Scanned with CamScanner

## दिनांक 02 से 08 फरवरी 2024

## सात दिवसीय विशेष शिविर




## दिनांक 02 से 08 फरवरी 2024

दिनांक 22-02-2024 को रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने महाविद्यालय के आर्ट्स ब्लॉक और साइंस ब्लॉक में फाइलेरिया विलोपन हेतु मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (MDA) के तहत सदर अस्पताल के सहयोग से कैंप आयोजित किया । फाइलेरिया विलोपन हेतु इस वर्ष मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (MDA) दिनांक 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत दिनांक 22-02-2024 को महाविद्यालय में अध्ययनरत लगभग 1000 विद्यार्थियों को डी०ई०सी० एवं अल्बेण्डाजोल की एक खुराक खिलाई गई। दवा खिलाने हेतु सदर अस्पताल के सदस्य महाविद्यालय में आए। यह निर्देश जारी किया गया था कि सभी विद्यार्थियों को DEC एवं Albendazole की दवा खाली पेट नहीं खिलाना है इसलिए सभी विद्यार्थियों से अनुरोध था कि वह भरपेट नाश्ता करके ही दवा लें। आर्ट्स ब्ल,क में यह कार्यक्रम महाविद्यालय के गेट के पास तथा साइंस ब्लॉक में साइंस ब्लॉक के सभागार में 22-02-2024 को सुबह 10:00 बजे से आयोजित किया गया ।





City भास्कर

### छात्राओं को दी गई फाइलेरिया रोधी दवा

रांची | वीमेंस कॉलेज के विद्यार्थियों को गुरुवार को डीईसी एवं अल्बेण्डाजोल की एक खुराक खिलाई गई। फाइलेरिया विलोपन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत सदर अस्पताल के सहयोग से कॉलेज में कैंप लगाकर सभी को दवाएं दी गईं। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिन्हा के निर्देशन में आर्ट्स ब्लॉक और साइंस ब्लॉक में कैंप लगाया गया।

रांची



### 1000 स्टूडेंट्स को खिलाई फाइलेरिया की दवा

[illegible]



प्रभात खबर

### छात्राओं को खिलायी फाइलेरिया से बचाने की दवा

[illegible]



## Board of Practical Training (Easter Region) National Apprenticeship Training Awareness Programme, 2024 ( From 05-03-2024 to 10-03-2024)




1) Hindi, Urdu, Bengali - UG Sem-6,
*Date- 05-03-2024, 2.00 pm to 3.00 pm*
2) Sanskrit, Philosophy, UG-6, 05-03-24, 3.00 pm to 4.00 pm.
3) English, Sociology- UG-6
*Date -06-03-24, 2.00 pm to 3.00 pm*
4) Economics,TRL- UG-6, 06-03-24, 3.00pm to 4.00 pm
5) History, Pol. Sci. - UG-6, 07-03-24, 2.00pm to 3.00 pm
6) Commerce - UG-6, 07-03-24, 3.00 pm to 4.00 pm
7) Commerce - UG -6, 08-03-24, 2.00 pm to 3.00
8) Mathematics, Physics- UG-6, 08-03-2024, 3.00pm to 4.00pm.
9) Chemistry, UG-6, 09-03-2024, 2.00 pm to 3.00 pm.
10) Zoology, Botany - UG-6, 09-03-24, 3.00pm to 4.00 pm.
11) Vocational - UG -6, 10-03-2024, 2.00 pm to 3.00 pm.
12) Vocational - UG-6, 10-03-24, 3.00 pm to 4.00 pm.

## दिनांक 7 मार्च 2024

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह, इकाई तीन प्रोग्राम ऑफिसर डॉ हर्षिता सिंहा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर दिनांक 07-03-2024 को पूर्वाह्न 10:30 से आर्ट्स ब्लॉक के स्मार्ट रूम में "भारत में महिलाओं की स्थिति" विषय पर निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह ने की। निबंध लेखन प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं के नाम हैं देवोनिता कुमारी, अदिति वर्मा, अमीषा कुमारी ,अन्ना लकड़ा, हरी प्रिया रानी, रीता कुमारी, रितु चौधरी, स्मिता चंदा ,गंगिया उरांव ,निशा कुमारी ,स्नेहा कुमारी ,सपना कुमारी, अन्वेषा दास, रजनी ,राजनंदनी कुमारी, मनीषा कुमारी, विशाखा कुमारी, स्मिता खलखो। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में लिक्की कुमारी, मधु प्रिया, दीक्षा कुमारी, रक्षंदा नूर, अदिति वर्मा, स्मृति कुमारी, अंजली कुमारी, उर्मिला कुमारी, संजना कुमारी की सहभागिता रही । कार्यक्रम में 62 छात्रएं शामिल हुई।














दैनिक जागरण
पढ़ी-लिखी है आज की महिलाएं


वीमेंस कॉलेज में कार्यक्रम
रांची। रांची वीमेंस कॉलेज में गुरुवार को प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में एनएसएस इकाई के सहयोग से महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत में महिलाओं की स्थिति विषय पर निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अध्यक्षता दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह ने की। प्रतियोगिता में 62 छात्राएं शामिल हुईं। आयोजन में डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने सहयोग किया।


City भास्कर


प्रभात खबर
रांची वीमेंस कॉलेज में प्रतियोगिता आयोजित हुई
रांची. रांची वीमेंस कॉलेज में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एनएसएस के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ. भारत में महिलाओं की स्थिति विषय पर निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई. इस अवसर पर डॉ गीता सिंह, डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ भारती सिंह, हर्षिता सिन्हा आदि उपस्थित थीं.

## दिनांक 15 मार्च 2024

प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सहयोग से रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर इकाई एक डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो डॉ कुमारी भारती सिंह , इकाई तीन डॉ हर्षिता सिंहा ने महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 15 मार्च 2024 को 12:30 से आर्ट्स ब्लॉक के स्मार्ट रूम में निबंध प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का विषय "भारत में महिलाओं की उच्च शिक्षा की स्थिति" रहा । कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्ट्स ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ विनीता सिंह ने की । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से किरण कुमारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य श्रीमती रोमा तिर्की ने छात्राओं के बीच प्रतियोगिताओं को लेकर प्रोत्साहन संदेश दिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा कुमारी द्वितीय स्थान पर स्मिता चंदा तथा तृतीय स्थान पर अमीषा कुमारी रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मधु प्रिया द्वितीय स्थान पर रक्षणंदा नूर तृतीय स्थान पर अदिति वर्मा रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ममता कुमारी द्वितीय श्रावणी कुमारी तृतीय गिन्नी कुमारी यादव रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी कोमल द्वितीय अंजली कुमारी तृतीय रक्षणंदा नूर रही। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से प्रदान किया गया। महिला दिवस के इस आयोजन पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की टीम लीडर आकांक्षा और तनिष्क मिश्रा को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में लगभग 120 छात्राओं की सहभागिता रही।







## दिनांक 21 मार्च 2024

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर इकाई एक डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो डॉ कुमारी भारती सिंह , इकाई तीन डॉ हर्षिता सिंहा ने महाविद्यालय में "प्रथम मतदाता जागरूकता अभियान" के तहत डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 21-03-24 को 11:00 बजे से स्मार्ट रूम (आर्ट्स ब्लॉक) में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें 115 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। संगोष्ठी में सम्बोधित करने वाली छात्रओं आस्था कुमारी, विशाखा कुमारी, सुप्रिया बाखला, आयशा फातिमा सोनम कुमारी को आर्ट्स ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ विनीता सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया।

स्मृति रानी, राजनंदिनी कुमारी, तनिष्क मिश्रा, रिया कुमारी , निशा दास, पुष्पा विकास सोरेन, बिट्टू शर्मा ,आकांक्षा, आरती वर्मा, बॉबी कुमारी, तृषा कुमारी, गिन्नी कुमारी यादव ,जिया कुमारी, सावित्री कुमारी, संगीता कुमारी, मुस्कान कुमारी, दीक्षा कुमारी, मुस्कान, सलोनी सिंह, अनिता कुमारी, मीना कुमारी ने भी संगोष्ठी में विचार रखें।





< Page No - 4 दैनिक जागरण

**मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर हुई संगोष्ठी**

जासं, रांची : रांची वीमेंस कालेज की प्राचार्या डा. सुप्रिया के दिशा-निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मतदाता जागरूकता अभियान को ले संगोष्ठी का आयोजन किया। प्रोग्राम अफसर इकाई-एक डा. कुमारी उर्वशी, इकाई -दो डा. कुमारी भारती सिंह, इकाई -तीन डा. हर्षिता सिन्हा की अगुवाई में प्रथम मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। डा. ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में स्मार्ट रूम (आर्ट्स ब्लाक) में संगोष्ठी हुई। 115 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आस्था कुमारी, विशाखा कुमारी, सुप्रिया बाखला, आयशा फातिमा, सोनम कुमारी को आर्ट्स ब्लाक की प्रोफेसर इंचार्ज डा. विनीता सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। डा. विनीता सिंह ने सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि 18 वर्ष की उम्र पूरा करने वालों को प्रेरित कर उनसे फार्म-6 भराने के साथ गांव व शहर के लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें।





BB 21-5-2024
रांची विमेंस कॉलेज में शिक्षा नीति-2020 पर व्याख्यान का आयोजन

एयर फोर्स का संवाद सत्र

आवश्यक सूचना

वैधानिक सूचना

बिहान भारत

BB 25-5-2024

प्रभात खबर

Page No - 4

दैनिक जागरण,21.04.24

BB 22-6-2024

प्रभात खबर

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024







हिन्दुस्तान

epaper
हिन्दुस्तान

Share | Copy url | Save | Font Size | D'load Image | Image | Text | Listen

**छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरीवीसी**

30/01/2024

**रांची, प्रमुख संवाददाता।** रांची वीमेंस कॉलेज में वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, रजिस्ट्रार डॉ विनोद नारायण व वार्ड पार्षद रोशनी खलखो थीं। कुलपति ने कहा, खेलकूद मन को उत्साहित बनाए रखता है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल बेहद जरूरी है। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है, मन एकाग्र होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलवाई। प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने कहा, खेल हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। हम सभी के लिए शिक्षा और खेल दोनों आवश्यक है।

**मार्च पास्ट से शुरुआत** खेलकूद उत्सव में कॉलेज के 28 विभागों की छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। प्रथम बीएड और द्वितीय हिंदी विभाग रहा। इसके बाद अन्य प्रतियोगिताएं हुईं।


मार्च पास्ट में बीएड डिपार्टमेंट फर्स्ट, हिंदी सेकेंड

Page No - 6


खेल से बढ़ता है आपसी सद्भाव : कुलपति






खेलों से बनती है नियम पालन की हैबि

# RANCHI WOMEN'S COLLEGE, RANCHI

## 3 JHAR GIRLS BN NCC, RANCHI

## ACTIVITIES DONE BY CADETS OF RANCHI WOMEN'S COLLEGE

### FROM:- JAN 24 to JUNE 24


### 01. ARMY DAY & RANK CEREMONY

No. of cadets participated:- 92
Date:- 18th Jan 2024
Chief Guest:- COL. RAJIV KUMAR (CO)



### 02. FEMALE FOETICIDE

No. of cadets participated:-
Date:- 24th Jan 2024, Topic:- FEMALE FOETICIDE
Activity:- Drama, At:- sc.block(RWC)



### 03. REPUBLIC DAY PARADE PRACTICE

No. of cadets participated:- 25
Date:- 19th Jan -24th Jan 2024,
Activity:- MORABADI GROUND




### 04. REPUBLIC DAY Date:- 26th Jan- 2024

No. of cadets participated:- 38
At:- RANCHI WOMEN'S COLLEGE
CHIEF GUEST:- PRINCIPAL



No. of cadets participated:- 24
At:- MORABADI GROUND
CHIEF GUEST:- SHRI C.P. RADHAKRISHNAN (GOVERNER)



No. of cadets participated:- 38
At:- POLICE LINE
CHIEF GUEST:- PRINCIPAL






Scanned with CamScanner

## 05. ANNUAL SPORTS DAY

No. of cadets participated:- 30
Date:- 29th Jan 2024
At:- SC.BLOCK GROUND(RWC)



## 06. AT HOME FUNCTION

No. of cadets participated:- 04
Date:- 23th Feb 2024
At:- GOVERNOR HOUSE



## 07. [illegible]

No. of cadets participated:- [illegible]
Date:- 1st Mar [illegible]
At:- AUDREY [illegible]



## 08. VOTERS AWARENESS PROGRAM

No. of cadets participated:- 77
Date:- 21st April 2024
At:- RANCHI WOMEN'S COLLEGE (ART'S BLOCK)



## 09. CANDLE MARCH

No. of cadets participated:- 26
Date:- 22nd April 2024
At:- ST. XAVIER COLLEGE TO SHAHID CHOWK



## 10. BLOOD DONATION

No. of cadets participated:- 44
Date:- 27th April 2024
At:- SCIENCE BLOCK HALL



## 11. HUMAN CHAIN FORMATION

No. of cadets participated:- 46
Date:- 18th May 2024
At:- MORABADI GROUND




## 12. SEMINAR FOR MUSICIAN IN AGNIVEERVAYU

No. of cadets participated:- 45
Date:- 24th May 2024
At:- RANCHI WOMEN'S COLLEGE (ART'S BLOCK)



## 13. SAY NO TO DRUG

No. of cadets participated:- 29
Date:- 21st June 2024
At:- JAIL CHOWK



## 14. INTERNATIONAL YOGA DAY

No. of cadets participated:- 25
Date:- 21st June 2024
At:- RANCHI WOMEN'S COLLEGE (SCIENCE BLOCK)





A seven day workshop commenced by the resource person Mrs. Mary Manisha Lakra, Mahindra, Nandi foundation, Chennai under the banner of SOFT COMMUNICATION SKILL held in the conference hall, Science block, RWC from 27-02-24 to 5-02-24. All B.Ed and M.Ed Students actively participated in this workshop.

26th May 2024, Parents-teachers meeting organised by Department of Sanskrit

www.speedoprint.com # 9431101250